# षोडश

# बिहार विधान सभा

## एकादश सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{09 अग्रहायण, 1940 (श0)}}{\text{30 नवम्बर, 2018 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 123**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 30 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 61 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 09 |
| (4) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 20 |
| (5) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 03 |
| | | कुल योग— | 123 |

अनुदान की राशि देना

*368. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिनांक 19 सितम्बर, 2018 को पोखरा में डूबने की घटना में जलालपुर प्रखंड के ग्राम-रुदलपुर के नीरज कुमार शर्मा, पिता-स्व0 नन्दलाल शर्मा एवं मांझी प्रखंड के ग्राम-दाउदपुर मठिया के गुलसन कुमार गिरी, पिता-राम बाबू गिरी की मृत्यु हो गयी है, परंतु अभीतक इनके आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि चार लाख का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दुर्घटना में उक्त मृतकों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण कराना

*369. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के सन्हौला एवं गोराडीह प्रखंडों में विद्युतीकरण नवीनीकरण एवं जले ट्रांसफॉर्मर को बदलने का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस संदर्भ में उप-महाप्रबंधक-सह-विद्युत् अधीक्षण अभियंता, भागलपुर को प्रश्नकर्ता सदस्य ने पत्रांक 604, दिनांक 8 मई, 2018 एवं पत्रांक 639, दिनांक 28 मई, 2018 द्वारा अवगत कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में कबतक विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपकरण उपलब्ध कराना

*370. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ सदर अस्पताल में शव को सुरक्षित रखने का समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण यहाँ शव 24 घंटा या 48 घंटा में खराब हो जाता है जिससे परिजन को पहचानने में काफी कठिनाई होती है, जबकि उक्त अस्पताल में शव को सुरक्षित रखने के लिये शवगृह का निर्माण किया गया है, परंतु आधुनिक उपकरण के अभाव में शवगृह भवन को चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त अस्पताल में नव-निर्मित शवगृह में आधुनिक उपकरण उपलब्ध करा शीघ्र चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*371. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी विधान सभा क्षेत्र के शिवसागर प्रखंड में विधायक मद से स्वीकृत योजना चेनारी डाकबंगला परिसर में 19 लाख की लागत से वित्तीय वर्ष 2007-08 में भवन का निर्माण एवं चेनारी प्रखंड में दलित, अति पिछड़ा के लिये स्वीकृत सामुदायिक भवन का निर्माण वर्ष 2008 तक करना था, परंतु अभिकर्ता की लापरवाही के कारण निर्माण कार्य अभीतक अपूर्ण है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अधूरे कार्य को पूर्ण कराने के साथ अभिकर्ताओं पर कठोर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*372. डॉ0 अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि टिकारी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत टिकारी प्रखंड के ग्राम-लाव में उप-स्वास्थ्य केन्द्र सृजित है, जिसका अपना भवन नहीं रहने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन सुचारू रूप से नहीं चल पाता है तथा भवन के अभाव में अन्य चिकित्सा सामग्री भी उपलब्ध नहीं रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम-लाव में उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता राशि का भुगतान

*373. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में दिनांक 13 मार्च, 2018 को मुकेश कुमार, पिता-श्री महेश सिंह, ग्राम-घोरडीहां, अंचल-करगहर एवं दिनांक 2 अक्टूबर, 2017 को नीतीश कुमार, पिता-श्री विमल कुमार सिंह, ग्राम-पिपरी, अंचल-शिवसागर की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त मृतक के आश्रितों को अभीतक सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को सहायता राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*374. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सीतामढ़ी सदर अस्पताल में विगत 2 वर्षों से अस्पताल प्रबंधक नहीं रहने से स्थानीय गरीब मरीजों को चिकित्सीय कार्यों में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित अस्पताल में अस्पताल प्रबंधक की पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जाँच कराना

*375. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना में बिहार सरकार में लागू आरक्षण के नियम प्रभावी होते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक 16144, दिनांक 28 नवम्बर, 2012 द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया जारी रहने के दौरान आरक्षण कोटि में सुधार करने पर रोक है ;

(3) क्या यह बात सही है कि निदेशक, इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना द्वारा चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन सं0 4/2018 निकाला गया, जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रील, 2018 थी ;

(4) क्या यह बात सही है कि अंतिम तिथि 30 अप्रील, 2018 के बाद दिनांक 11 जून, 2018 को निदेशक द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग, भारत सरकार के पत्र का हवाला देते हुये शुद्धि-पत्र निकालकर आरक्षण कोटि में सुधार किया गया है ;

(5) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निदेशक, इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा के कार्यकलाप की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*376. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल, बिहारशरीफ एवं वर्धमान चिकित्सा महाविद्यालय, पावापुरी में डेंगू मरीजों को प्लेटलेट्स चढ़ाने की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण डेंगू मरीजों को पी0 एम0 सी0 एच0 रेफर करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पतालों में प्लेटलेट्स चढ़ाने की सारी सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आई0 सी0 यू0 चालू कराना

*377. श्री (डॉ0) सी0 एन0 गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, छपरा में आई0 सी0 यू0 खोला गया था लेकिन जुलाई, 2018 में प्रभारी चिकित्सक के सेवानिवृत्ति के पश्चात् आई0 सी0 यू0 की सेवा बंद है, जिसके कारण किसी भी मरीज का न तो पंजीयन हुआ है और न ही उपचार हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सदर अस्पताल, छपरा में आई0 सी0 यू0 प्रशिक्षित चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कर आई0 सी0 यू0 चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

खुदाई करना

*378. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत दलसिंहसराय प्रखंड के पाँड़ पांडव ऐतिहासिक स्थान पर खुदाई करने का निर्णय वर्ष 2007 में लिया गया है, परन्तु उक्त स्थान की खुदाई अभीतक शुरू नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पांडव स्थान की खुदाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*379. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के पिपरा प्रखण्ड के अंतर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य के महेशपुर का चिकित्सा भवन एवं आवासीय भवन पूर्णतः ध्वस्त हो गया है, जिसके कारण मरीजों, चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अतिरिक्त स्वा0 केन्द्र, महेशपुर में चिकित्सा भवन एवं आवासीय भवन का निर्माण करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*380. श्रीमती रंजू गीता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बाजपट्टी के ग्राम-हुँमायूपुर एवं बाजीतपुर में स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थिति जीर्ण-शीर्ण एवं जर्जर हो जाने के कारण स्वास्थ्य उप-केन्द्र में बैठकर चिकित्सीय कार्य करना संभव नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बर्खास्त करने के संबंध में

*381. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्री सुशील कुमार, लिपिक, सिविल सर्जन कार्यालय, भोजपुर, आरा के भ्रष्टाचार में लिप्त रहने के कारण पुलिस निरीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना द्वारा उनके आवास, कार्यालय एवं रिसोर्ट पर छापामारी के क्रम में 71,57,425 (इकहत्तर लाख संतावन हजार चार सौ पच्चीस) रुपये का प्रत्यानुपातिक धनार्जन करने का प्रथम द्रष्ट्या साक्ष्य प्रारम्भिक जाँच में पाया गया है, तत्पश्चात् दिनांक 23 अगस्त, 2017 को थाना कांड सं0 65/17 द्वारा प्राथमिक दर्ज किया गया है, जबकि वे अभीतक सिविल सर्जन कार्यालय में ही पदस्थापित हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार श्री सुशील कुमार, लिपिक को भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत सरकारी सेवा से बर्खास्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*382. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कुर्सेला प्रखंड में स्थित संपतराज कन्या उच्च विद्यालय, कुर्सेला के पास सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु जमीन 1 वर्ष पूर्व से उपलब्ध होने के बाद भी आजतक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राहत राशि देना

*383. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मोतीपुर प्रखण्ड में वितीय वर्ष 2017-18 में गंडक नदी से सटे चार पंचायत बरियारपुर उत्तरी, बरियारपुर पश्चिमी, बरियारपुर पूर्वी एवं मोरसंडी में बाढ़ आया था, जिससे काफी लोग प्रभावित हुये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि उस समय सरकार द्वारा उक्त चारों पंचायतों में राहत कैंप लगाया गया था एवं बाढ़ प्रभावित लाभार्थियों को राहत सामग्री दी गयी थी एवं लाभार्थियों को खाता में छः हजार की राशि राहत स्वरूप दी गयी थी, लेकिन अनुश्रवण समिति से स्वीकृति के पश्चात् भी उक्त चारों पंचायतों के लगभग सात सौ लाभार्थी अभी भी छः हजार रुपये की राशि से वंचित हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों के शेष बचे लाभार्थियों को छः हजार रुपये प्रति लाभार्थी राहत राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उप-स्वास्थ्य केन्द्र चालू करना

*384. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड के चोपड़ा पंचायत एवं आसजा, मोबैया पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य मार्च, 2016 में ही पूर्ण हो चुका है, परंतु अभीतक उप-स्वास्थ्य केन्द्र चालू नहीं होने के कारण रोगियों का इलाज नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पंचायत में स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जर्जर तार बदलना

*385. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के हवेलीखड्गपुर के ग्राम-दरियापुर 2 के मंदिर टोला में तार काफी जर्जर हो चुका है, जिससे कभी भी कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अविलम्ब जनहित में जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*386. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड के एकंभा पंचायत में विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण कार्य कराने का निर्णय ऊर्जा विभाग द्वारा 5 वर्ष पूर्व लिया गया था, लेकिन आजतक विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक एकंभा पंचायत में विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित

*387. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के सोनों प्रखंड के चरका पत्थर में स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थित है, जहाँ इलाज कराने के लिये अत्यधिक संख्या में मरीज पहुँचते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला में चरका पत्थर स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में परिवर्तित करने हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा दिनांक 5 अप्रैल, 2018 को विभाग को पत्र लिखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नामांकन में प्राथमिकता दिलाना

*388. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी निजी/मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय में बिहार के छात्रों को नामांकन में किसी भी प्रकार की प्राथमिकता नहीं दी जाती है, जिससे बिहार के छात्रों को अन्य प्रदेशों के चिकित्सा महाविद्यालय में नामांकन में आर्थिक शोषण का शिकार होना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राज्य के सभी निजी/मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय में बिहार के छात्रों को नामांकन में प्राथमिकता दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण कराना

*389. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दो साल पूर्व भागलपुर जिलान्तर्गत गनगनियाँ टाल क्षेत्र में किसानों को सिंचाई सुविधा हेतु विद्युतीकरण के लिये विभाग द्वारा सर्वे किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक गनगनियाँ टाल क्षेत्र में विद्युतीकरण का कोई कार्य शुरू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गनगनियाँ टाल क्षेत्र में किसानों के लिये कबतक विद्युतीकरण का कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनुग्रह राशि का भुगतान

*390. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सौर बाजार प्रखंड के तीरी गाँव के सनोज कुमार की मृत्यु सड़क दुर्घटना में अक्टूबर, 2017 में ही हो गयी थी, परंतु एक साल से भी अधिक समय बीतने के बाद भी मृतक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सूची में शामिल करना

*391. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने 23 जिलों के 206 प्रखण्डों को सूखाग्रस्त घोषित किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस सूची में बेगूसराय जिले के किसी भी प्रखण्ड को शामिल नहीं किया गया है, जबकि सम्पूर्ण जिला भीषण सूखे की चपेट में था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेगूसराय जिले के प्रखण्डों को सूखाग्रस्त सूची में शामिल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक। आपदा प्रबंधन विभाग के अधिसूचना संख्या 2898/आ०प्र०, दिनांक 15 अक्टूबर, 2018 द्वारा राज्य के 23 जिलों के 206 प्रखण्डों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया । तदोपरान्त पुन: अधिसूचना संख्या 3048/आ०प्र०, दिनांक 3 नवम्बर, 2018 को कुल 16 जिलों के 69 प्रखण्डों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया । जिसमें एक नया जिला सीतामढ़ी शामिल है। इस प्रकार 24 जिलों के 275 प्रखण्डों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है ।

(2) एवं (3) कृषि विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर माननीय मुख्यमंत्री के अध्यक्षता में आयोजित आपातकालीन प्रबंधन समूह (CMG) की बैठक में विचारोपरान्त 275 प्रखण्डों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। कृषि विभाग के प्रतिवेदन में बेगूसराय जिला का कोई भी प्रखण्ड प्रतिवेदित नहीं होने के कारण अधिसूचना में सम्मिलित नहीं है।

--------

सहायता राशि का भुगतान

*392. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ग्राम-बलहा विश्वनाथ, खानपुर के मो० हन्नान, उम्र 18 वर्ष, पिता मो० सत्तार एवं मो० इसराफिल उम्र 19 वर्ष, पिता मो० अब्दुल सत्तार, दिनांक 8 मार्च, 2018 की शाम को काम से घर लौटते वक्त बी०आर० 01 जी०ए० 9411 नम्बर के ट्रक से रहुआ-रोसड़ा के मेन रोड पर जबरदस्त धक्के से दोनों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी थी, परंतु उक्त दोनों मृतक के आश्रितों को सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को सहायता राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*393. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा रेफरल अस्पताल में एक भी महिला चिकित्सक का पदस्थापन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तार को हटाना

*394. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के जयनगर बस्ती में श्री महावीर गोइत के मकान के ऊपर से 11,000 वोल्ट का विद्युत् तार गया है, जिससे कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त 11,000 वोल्ट के तार को हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवस्था सुनिश्चित करना

*395. श्री जय वर्धन यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में पी०पी०पी० मोड से चलने वाली अल्ट्रासाउण्ड की व्यवस्था विगत 6 महीनों से बन्द रहने के कारण मरीजों को निजी जाँच घरों में ज्यादा शुल्क देकर अल्ट्रासाउण्ड कराना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में पी०पी०पी० मोड से चलने वाली अल्ट्रासाउण्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केंद्र खोलना

*396. श्री फराज फतमी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सिंहवाड़ा प्रखंड के सिमरी एन०एच० 57 के समीप स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण दुर्घटना होने की स्थिति में प्राथमिक एवं आपात स्वास्थ्य सेवा से लोग वंचित रह जाते हैं तथा असामयिक मृत्यु भी हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकारे सिमरी में स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण करना

*397. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमरिया एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोरसंडी भवनहीन है, जबकि उक्त दोनों स्थानों में सरकारी जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*398. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर प्रखंड के नदियानी पंचायत में अभीतक पंचायत सरकार भवन का निर्माण नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है जिलाधिकारी, दरभंगा द्वारा अपने पत्रांक 127/ जी०पी०, दिनांक 22 फरवरी, 2017 द्वारा योजना एवं विकास विभाग को सूचना दी गयी है कि नदियामी पंचायत में पंचायत सरकार भवन बनाने हेतु 1 एकड़ 97 डी० जमीन उपलब्ध है ;

(3) क्या यह बात सही है कि नदियामी पंचायत में पंचायत सरकार भवन बनाने हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा भी अपनी पत्रांक 754, दिनांक 20 जुलाई, 2017 द्वारा प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार सरकार, पटना को पत्र लिखा गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक नदियानी पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा उपलब्ध करना

*399. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत अनुमण्डलीय अस्पताल शेरघाटी में शवों का पोस्टमार्टम की सुविधा नहीं है जिसके कारण शेरघाटी अनुमंडल के डुमरिया थाना क्षेत्र के लोगों को करीब 100 कि० मी० की दूरी तयकर शवों का पोस्टमार्टम कराने गया मेडिकल कॉलेज, गया जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अनुमंडलीय अस्पताल, शेरघाटी में शवों का पोस्टमार्टम की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता राशि देना

*400. श्री शिवचंद्र राम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के सहदेई बुजुर्ग प्रखंड में दिनांक 22 मई, 2018 को रोजा खाँ, पिता-मुरूतुजा खाँ, लालमुनी देवी, पति-दिनेश राय, अवधेश गीरी, पिता-रामागीरी, शत्रुधन प्र० सिंह, पिता-स्व० दरोगी सिंह एवं राजापाकर प्रखंड में दिनांक 23 अक्टूबर, 2018 को संतोष साह, पिता-नरेश साह, मनीष कुमार पिता-मनोज साह और धिरेन्द्र सिंह, पिता-दिनेश्वर सिंह का सामूहिक सड़क दुर्घटना में, साथ ही सहदेई प्रखंड में दिनांक 2 अक्टूबर, 2018 को गरीबन कुमार, पिता-मुन्नी लाल चौधरी, राज कुमार, पिता-राजेश चौधरी का पोखर में डुबकर मृत्यु हो गई है, परंतु अभीतक उक्त मृतक के परिवार को सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मृतक के परिवार को सहायता राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण करना

*401. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव एवं पीरपैंती प्रखंडों में दिनांक 1 जनवरी, 2014 से विद्युतीकरण कार्य बंद पड़ा है, जिसके कारण छूटे हुये गाँवों का विद्युतीकरण कार्य अबतक प्रारंभ नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के छूटे हुये गाँवों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पताल को अपग्रेड करना

*402. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जनदाहा मात्र 6 बेड का है, बेडों की संख्या कम रहने के कारण मरीजों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल को 30 बेड के अस्पताल में अपग्रेड करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति करना

*403. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के लोहागड़ा हाट के आस-पास पंचायतों के गाँवों में बिजली की लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार लोहागड़ा हाट पर पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य कराकर निर्बाध विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*404. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत तरारी विधान सभा के ग्राम-अमहरूहाँ महादलित टोली, कोशियर अल्पसंख्यक टोली एवं वंशीडिहरी वार्ड नं० 5 में स्थित ट्रांसफॉर्मर पर अतिरिक्त लोड होने से लो बोल्टेज की स्थिति बनी रहती है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान में अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सक की संख्या बढ़ाना

*405. श्री मनोज कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखंड मुख्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र पर मात्र दो ही चिकित्सक पदस्थापित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र, गोह में चिकित्सक की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*406. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम के वार्ड नं० 48 स्थित किसान कोल्ड स्टोरेज (मुसल्लहपुर) के पीछे वाली गली में सैदपुर नहर रोड से बलराम यादव लॉज होते हुये रंजीत यादव के मकान तक विद्युत् पोल एवं तार नहीं रहने के कारण स्थानीय निवासियों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या विद्युत् पोल एवं कभरयुक्त तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*407. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड के कोसी दियारा के ग्राम पंचायत बकुआ एवं गढ़गाँव पंचायत के भावानीपुर गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्वीकृत है, परन्तु भवन नहीं रहने के कारण चिकित्सीय कार्य बंद है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान में स्वीकृत स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कराकर चिकित्सीय कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उप-केन्द्र स्थापित करना

*408. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखंड स्थित चन्द्रहठी ग्राम में वर्ष 1974 में स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करने हेतु खाता सं० 160, खेसरा सं० 195, रकवा 85 डीसमील भूमि स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार को हस्तानान्तरण किया गया था, परन्तु अभीतक वर्णित ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

वेतनमान दिलाना

*409. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ''बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी'' में एजेंसी के माध्यम से मात्र 5000--6000 रुपये मानदेय पर मानव बल (विद्युत् कर्मी) से स्थायी प्रवृति का जोखिम भरा कार्य लिया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मानव बल (विद्युत् कर्मी) को सभी सुविधा देकर मानदेय को वेतनमान में परिवर्तित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

चिकित्सा व्यवस्था बहाल करना

*410. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बन्दरा में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पिछले सात वर्षों से पदस्थापित हैं तथा हमेशा कार्य से अनुपस्थित रहने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र की चिकित्सा व्यवस्था बदहाल हो चुका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बन्दरा के चिकित्सा पदाधिकारी को स्थानान्तरण कर चिकित्सा व्यवस्था बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

उपलब्ध करना

*411. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार नगर में राष्ट्रीय सम-विकास योजनान्तर्गत निर्मित बहुदेशीय प्रशाल अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस प्रशाल का निर्माण सम्मेलन, गोष्ठी एवं अन्य सार्वजनिक कार्यों के लिये किया गया है, लेकिन इसका उपयोग सिर्फ सरकारी कार्य निपटा के लिये किया जाता है;

(3) क्या यह बात सही है कि सार्वजनिक तौर पर विभिन्न संस्थाओं को कार्यक्रम हेतु उक्त प्रशाल उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों में कठिनाई होती है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर सवीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रशाल को सार्वजनिक कार्य हेतु उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य पूर्ण करना

*412. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज प्रखंड अन्तर्गत मधुकर पंचायत के परमानन्दपुर गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2013-14 में प्रारंभ हुआ था, लेकिन उक्त भवन का निर्माण कार्य अबतक अधूरा है, जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्वास्थ्य उप-केन्द्र, परमानन्दपुर के अधूरे भवन का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*413. श्री रवि ज्योति कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के सिलाव प्रखंड स्थित पावाडीह पंचायत के चण्डी मौउ गाँव में अत्यंत ही प्राचीन सरोवर है जो बौद्ध काल से ही अस्तिव में है एवं धीरे-धीरे यह सरोवर अपना महत्व खोती जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसे पर्यटन के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटन का दर्जा दिलाना

*414. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत कुटुम्बा प्रखंड के अम्बा स्थित धार्मिक स्थल माँ सतबहिनी को अबतक पर्यटन का दर्जा नहीं दिया गया है, जबकि उक्त स्थल पर्यटन रोडमैप में सम्मिलित सम्भावित स्थलों की सर्वे सूची में शामिल है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटन का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुनर्वासित करना

*415. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड के अररिया बस्ती पंचायत के भँगिया गाँव निवासी (1) मो० हासिम, पिता-स्व० मो० मनीर (2) जफीर आलम, पिता-आफाक (3) मो० फिरोज, पिता-मो० सलीम (4) मो० मुजफ्फर, पिता-मो० सलीम (5) मो० फकरूद्दीन का घर विगत वर्ष अगस्त, 2017 में आये भीषण बाढ़ में नदी में विलीन हो गया है, जिसके कारण ये लोग खुले में जीवन बसर करने को मजबूर हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त व्यक्तियों को पुनर्वासित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*416. श्री मोहम्मद नवाज आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा सदर अस्पताल एवं भोजपुर जिला के सभी ब्लॉक स्तर के अस्पतालों में राष्ट्रीय लोक विकास फर्म (आउट सोर्सिंग) द्वारा एक्स-रे, जेनरेटर, साफ-सफाई, खान-पान, चादर धुलाई से संबन्धित कार्य किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उप-विकास आयुक्त, भोजपुर द्वारा दिनांक 21 अक्तूबर, 2018 को आरा सदर अस्पताल में औचक निरीक्षण किया था जिसमें उक्त फर्म द्वारा कराये जा रहे सभी कार्यों में अनियमितता पाई गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर राष्ट्रीय लोक विकास फर्म को काली सूची में डालकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उप-स्वास्थ्य केन्द्र को चालू कराना

*417. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि फारबिसगंज विधान सभा के कुशमाहा पंचायत एवं मटियारी पंचायत में निर्मित उप-स्वास्थ्य केन्द्र अबतक चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र को शीघ्र चालू करने तथा अबतक इस केन्द्र को चालू नहीं करने वाले दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*418. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को वर्ष 2014 में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत चिकित्सकों, कर्मचारियों को आवासीय सुविधा के लिये अस्पताल का जमीन उपलब्ध होते हुये अभीतक आवास का निर्माण नहीं कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत चिकित्सकों एवं कर्मियों के लिये उपलब्ध जमीन पर आवास का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सहायता राशि का भुगतान

*419. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अंचल करगहर में दिनांक 7 मई, 2017 को मनोज कुमार एवं पुष्पांजलि, माता-पार्वती कुंवर, ग्राम-तेन्दुआ की मृत्यु सड़क दुर्घटना में तथा दिनांक 3 जुलाई, 2018 को सोनु आलम एवं ओसामा आलम, पिता-जाकिर हुसैन, ग्राम-सेमरी का पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त मृतक के परिवार के आश्रितों को अभीतक सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को सहायता राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि का भुगतान कराना

*420. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर (आरा) जिला के गड़हनी प्रखण्ड के गड़हनी गाँव के अमन कुमार, उम्र-7 वर्ष, पिता-स्व० भोला प्रसाद की मृत्यु जुलाई, 2017 में बनास नदी में डूब जाने के कारण तथा गड़हनी प्रखण्ड के ही रामेश्वर सिंह, उम्र-50 वर्ष, पिता-स्व० अकलू सिंह, ग्राम-मोरसियाँ की मृत्यु अगस्त, 2017 में ठनका गिर जाने के फलस्वरूप हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पीड़ित परिवारों को पदाधिकारियों के उदासीनता के कारण आजतक आपदा प्रबंधन से मिलने वाली 4 लाख राशि का भुगतान नहीं किये जाने से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उदासीनता बरतने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये उक्त दोनों पीड़ित परिवारों को राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*421. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली प्रखण्ड के पंचायत मंझौली में स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र में सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण मरीजों को इलाज हेतु 20 कि०मी० की दूरी तयकर अन्य स्वास्थ्य केन्द्र में जाना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि मंझौली पंचायत स्थित स्वास्थ्य केन्द्र को उत्क्रमित करने हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य ने पत्रांक 107, दिनांक 13 फरवरी, 2017 द्वारा प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वर्णित स्वास्थ्य उप-केन्द्र को कबतक उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*422. श्रीमती रंजू गीता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखण्ड स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र, बसहा को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने की सभी अर्हता को पूरा करने के बावजूद आजतक उत्क्रमित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बसहा स्वास्थ्य उप-केन्द्र को स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

व्यवस्था बहाल करना

*423. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला सदर अस्पताल में एक्स-रे एवं सी०टी० स्कैन मशीन खराब रहने के कारण मरीजों को बाहर के निजी जाँच केन्द्र में भेज दिया जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में एक्स-रे एवं सी०टी० स्कैन मशीन की नियमित व्यवस्था बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्य प्रारम्भ करना

*424. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत नौबतपुर प्रखण्ड स्थित अजमा ग्राम में विगत 2 वर्ष पूर्व अस्पताल भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, परन्तु अभीतक उक्त भवन में चिकित्सकीय कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित ग्राम में नवनिर्मित अस्पताल भवन में चिकित्सकीय कार्य प्रारम्भ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जर्जर तार बदलना

*425. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के डूमरा ग्रिड से लेकर पुपरी पावर सब-स्टेशन तक 33 हजार लाइन का तार जर्जर हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि जर्जर तार के कारण बराबर ब्रेक डाउन होने के फलस्वरूप विद्युत् आपूर्ति बाधित होती है, जिससे आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर जर्जर तारों को शीघ्र बदलकर विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

निर्माण कराना

*426. श्री राजीव नन्दन--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखण्ड का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं रहने के कारण सर्वोदय विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, गुरारू के दो कमरे के छात्रावास में चल रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार गुरारू प्रखण्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----------

जर्जर तार व पोल को बदलना

*427. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन पावर सब-स्टेशन में मंगलपुर बाजार की तरफ जाने वाली 11,000 वोल्ट का तार व पोल बहुत जर्जर हो गया है जो बराबर टूटकर गिरते रहता है जिसके कारण मंगलपुर गुदरिया, शिवराजपुर, भगवानपुर, मंगलपुर काला, श्यामपुर कोतराहा, डबरिया पंचायतों के टोलों में विद्युत् आपूर्ति बाधित रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर तार व पोल को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

चहारदीवारी का निर्माण

*428. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सुलतानगंज प्रखण्ड के भीरखुर्द पंचायत के उद्‌याडीह गाँव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का चहारदीवारी नहीं रहने के कारण अस्पताल परिसर में पशुओं के आने-जाने से गंदगी फैलती है तथा मरीजों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उद्‌याडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में गेट सहित चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्युतीकरण की व्यवस्था करना

*429. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड नगर पंचायत के वार्ड नं० 10 के कुर्मी टोला एवं यादव टोला तथा वार्ड नं० 10 के महादलित टोला में विद्युतीकरण का कार्य नहीं किया गया है, जबकि सरकार के सात निश्चय योजना के तहत हर घर, सभी टोलों एवं कस्बों तथा गाँव तक बिजली पहुँचाना है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त टोलों में विद्युतीकरण की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*430. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखण्ड के हमजापुर में कमर अली सुलतान अलय का 400 वर्ष पुराना ऐतिहासिक मकबरा अवस्थित है जो काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित ऐतिहासिक मकबरा को सुफी सर्किट से जोड़ने एवं जीर्णोद्धार कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

राशि उपलब्ध कराना

*431. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा वैसे परिवारों को जिनकी मृत्यु सड़क दुर्घटना, पानी में डूबने, अगलगी पर प्रत्येक मृतक के आश्रित परिवार को 4(चार लाख) रुपये मुआवजा देने का प्रवधान है, जबकि अचानक सर्पदंश से मृतक के परिवार को राशि उपलब्ध नहीं कराई जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सर्पदंश के मृतक के आश्रित परिवार को भी राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक ।

विभागीय पत्रांक 68/सा0 पुन, दिनांक 6 अगस्त, 2002 के आलोक में बाढ़ के समय सर्पदंश से किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो मृतक के निकटतम आश्रित को सहाय्य मानदर के अनुरूप अनुग्रह अनुदान भुगतेय होगा ।

सामान्य दिनों में सर्पदंश से होने वाली मृत्यु की स्थिति में अनुग्रह अनुदान देय नहीं है ।

------------

पदस्थापन करना

*432. श्री अलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत दलसिंहसराय अनुमंडल अस्पताल में महिला चिकित्सक का पदस्थापन नहीं रहने के कारण महिला रोगियों को परेशानी हो रही है और उन्हें निजी अस्पतालों में इलाज हेतु जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में महिला चिकित्सक का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युतीकरण करना

*433. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधेपुर प्रखंड के कोसी दियारा के गढ़गाँव एवं बसीपट्टी गाँवों में विद्युतीकरण का काम अबतक अधूरा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण का कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जर्जर तार बदलना

*434. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत लहसा चौक से बंगाली टोला तक का तार बिल्कुल जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान के जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नया तार लगाना

*435. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पटना सदर प्रखंड अन्तर्गत मुहल्ला-दुजरा देवी स्थान के सामने श्रीराज कम्प्लेक्स के सटे पूर्वी गली में पोल संख्या आर0 पी0 आर0 बी0 6 का तार जर्जर होकर जगह-जगह से तार का कवर जल गया है, जिस कारण कभी भी बड़ी घटना घट सकती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पोल संख्या आर0 पी0 आर0 बी0 6 का जर्जर तार बदलकर नया तार लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण कराना

*436. श्री मोहम्मद नवाज आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र के जमीरा एवं पैठानपुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिसके कारण चिकित्सीय कार्य बंद है जबकि भवन निर्माण हेतु जिला पदाधिकारी, भोजपुर एवं सिविल सर्जन, भोजपुर द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पटना को पत्र भेजा गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

*437. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत एक भी स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना नहीं रहने के कारण आम जनता को 4 कि0 मी0 लगभग दूरी तय कर रेफरल अस्पताल, विक्रमगंज जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं, यदि हाँ, तो सरकार विक्रमगंज नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् क्षमता बढ़ाना

*438. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बेतिया-पूजहां पथ के तिरहुत नहर मथौली के समीप मथौली पनबिजली परियोजना का निर्माण कार्य वर्ष 2004 में शुरू कर उसे 2009 में पूर्ण कर लेना था, जो अबतक अधूरा कार्य कर वर्ष 2014 से निर्माण कार्य बंद है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मथौली पनबिजली परियोजना के निर्माण कार्य को पूर्ण कराते हुये विद्युत् उत्पादन क्षमता बढ़ाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*439. श्रीमती पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कोढ़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोढ़ा में एक भी महिला चिकित्सक नहीं रहने के कारण महिलाओं को प्रसव कराने में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## चिकित्सकों का पदस्थापन

*440. डॉ० अब्दुल गफुर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत अतिरिक्त प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र, कुन्दह एवं तेलवा में एक भी चिकित्सक पदस्थापित नहीं रहने के कारण आम रोगियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सहायता राशि का भुगतान

*441. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोड एक्सीडेंट में मृतकों के आश्रितों को आपदा विभाग 4 (चार) लाख रुपये की सहायता देती है;

(2) क्या यह बात सही है कि रोड एक्सिडेंट में मृतक की संख्या एक से अधिक होने पर ही मृतक के आश्रितों को उक्त सहायता राशि दी जाती है, जबकि एकल दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को उक्त सहायता राशि का लाभ नहीं मिलता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एकल दुर्घटना में भी मृतक के आश्रितों को उक्त सहायता राशि का लाभ दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री**--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) विभागीय अधिसूचना संख्या 1418, दिनांक 17 अप्रील, 2015 के अनुसार सामूहिक दुर्घटना यथा-सड़क दुर्घटना, वायुयान दुर्घटना, रेल दुर्घटना और गैस रिसाव को विशेष स्थानीय प्रकृति आपदा के रूप में अधिसूचित करते हुये इन आपदाओं से होने वाली जान-माल की क्षति में दिनांक 20 मार्च, 2015 से SDRF/NDRF द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं मानदर के सदृश्य अनुग्रह अनुदान/अन्य अनुदान भुगतेय है ।

यह सामूहिक दुर्घटना से तात्पर्य एक से अधिक व्यक्ति के घायल अथवा मृत्यु हो जाने से है । अर्थात उक्त दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु एवं अन्य एक व्यक्ति के घायल अथवा दोनों के घायल अथवा दोनों की मृत्यु की स्थिति में अनुग्रह अनुदान/अन्य अनुदान देय होगा । एकल दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को उक्त सहायता राशि का लाभ देय नहीं है ।

(3) एकल सड़क दुर्घटना की स्थिति में मृतक के आश्रित को अनुग्रह अनुदान देने का प्रस्ताव वर्तमान में विचाराधीन नहीं है ।

ट्रांसफॉर्मर स्थापित करना

*442. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत विक्रम प्रखंड स्थित राघोपुर ग्राम में कृषि कार्य हेतु विद्युत् ट्रांसफॉर्मर स्थापित नहीं होने से ग्रामीणों को कृषि कार्य करने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित ग्राम में विद्युत् ट्रांसफॉर्मर स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

वोल्टेज की समस्या दूर करना

*443. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत कुमारीपुर पंचायत के चौरा से सोहराडांगी तक 1 फेज का लाइन है और उससे 1000 उपभोक्ता को विद्युत् कनेक्शन दिया गया है जिसके चलते वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान में वोल्टेज की समस्या दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*444. डॉ० मुहम्मद जावेद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखंड अन्तर्गत प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र, दामलबारी में चिकित्सक नहीं होने के कारण वहाँ के मरीजों को 22 कि० मी० दूर पोठिया प्रखंड मुख्यालय एवं 21 कि० मी० दूर किशनगंज सदर अस्पताल जाना पड़ता है, जिसके कारण कई मरीजों की आवागमन के दौरान ही मृत्यु हो जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा मुहैया कराना

*445. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अरैला का भवन जर्जर है और किसी भी समय भवन गिर सकता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराकर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*446. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत दिनांक 18 दिसम्बर, 2017 को हाजीपुर महुआ पथ, सुभई में सड़क दुर्घटना हुयी थी जिससे विजय शंकर राय, पिता उपेन्द्र राय, ग्राम-हसनपुर, थाना मनहार की मृत्यु हो गयी थी तथा उदय राय गंभीर रूप से घायल हो गये थे, जिसका सदर थाना, हाजीपुर में थाना कांड संख्या 686/17 दर्ज है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मृतक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान राशि देने तथा अबतक लंबित रखने वाले दोषी पर कार्यवाही करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*447. श्रीमती पूनम कुमारी उर्फ पूनम पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कोढ़ा प्रखंड के मुसापुर पंचायत के वार्ड नं0 7, 13, 14, 25 में आजतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वार्ड में यथाशीघ्र विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा का लाभ देना

*448. श्री मनोज कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के गोह प्रखंड अंतर्गत देवकुण्ड धाम स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि देवकुण्ड धाम को पर्यटन रोडमैप में शामिल कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटन रोडमैप में शामिल सुविधा का लाभ देवकुण्ड धाम को देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना पूर्ण करना

*449. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अन्तर्गत प्रखंड चौसा के ग्राम पंचायत फुलौत पूर्वी के ग्राम-फुलौत में वित्तीय वर्ष 2015-16 में माता धूमावती स्थान के सौन्दर्यीकरण की योजना की शुरूआत हुई थी, परन्तु लगभग चार वर्ष बीत जाने के बावजूद भी आजतक कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार यथाशीघ्र उक्त अधूरी योजनाओं को पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चालू कराना

*450. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज प्रखंड के बथनाहा पंचायत के नव-निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रिकटगंज एवं ढोलबज्जा पंचायत के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ढोलबज्जा को अबतक चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त दोनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को शीघ्र चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

*451. श्री मुंद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को विभागीय पत्रांक 10/विविध-15-16/2014, 882 (10), दिनांक 11 सितम्बर, 2017 के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमण करने हेतु स्वीकृति प्रदान किया गया था, परन्तु अभीतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा मुहैया कराना

*452. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दानापुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, दानापुर में एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउण्ड मशीन खराब रहने के कारण मरीजों को निजी क्लिनिक से यह सुविधा लेनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार अनुमंडलीय अस्पताल, दानापुर में एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउण्ड मशीन की सुविधा मुहैया कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पावर सब-स्टेशन का निर्माण कराना

*453. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत नवीनगर के नाउर पंचायत एंव ढेंगो पंचायत की विद्युत् आपूर्ति सलैया फीडर से होती है, जो लम्बी दूरी होने के कारण प्रायः बाधित रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों के मध्य बौली में उपलब्ध सरकारी जमीन पर पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*454. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत मनीगाछी प्रखंड मुख्यालय में रेफरल और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रेफरल हॉस्पीटल में 7 सृजित पद होने के बावजूद केवल 2 डॉ0 कार्यरत हैं, जहाँ प्रतिमाह लगभग 50 प्रसूति इलाज के लिये आती हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनीगाछी प्रखंड मुख्यालय के रेफरल अस्पताल के प्रसूति विभाग में महिला डॉक्टर के साथ सृजित सभी सात पदों पर डॉक्टर पदस्थापित करने की इच्छा रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण करना

*455. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत चौसा प्रखंड के अधीन ग्राम पंचायत पैना के ग्राम-चेहा में वर्ष 2007 में 6 बेड का एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा दी गई थी तथा सरकारी जमीन भी उपलब्ध है, परंतु अभीतक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार यथाशीघ्र उपर्युक्त स्थल पर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा भुगतान कराना

*456. श्री मिथलेश तिवारी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017 के अगस्त माह में गोपालगंज जिले में गण्डक नदी से आयी प्रलयंकारी बाढ़ के कारण लाखों लोगों का फसल यथा गन्ना की फसल, मकान इत्यादि नष्ट हो गया था परंतु आजतक लोगों को मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर बाढ़ से पीड़ित लोगों के बीच मुआवजा का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटकीय सुविधा उपलब्ध कराना

*457. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड के बकिया सुखाय पंचायत दुर्गास्थान शक्तिपीठ के रूप में विख्यात है, नवरात्र में देश-विदेश के पर्यटक आते हैं लेकिन पर्यटकीय सुविधा जैसे-यात्री शेड, पीने का पानी, शौचालय की व्यवस्था नहीं होने के कारण पर्यटक को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पर्यटकीय सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*458. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखंड में बैरिया पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य वर्ष 2017 में पूरा करना था, परंतु निर्माण कार्य बंद है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पावर सब-स्टेशन का निर्माण शीघ्र चालू कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार कराना

*459. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा प्रखंड अन्तर्गत चिरंजीवीपुर गाँव में एक प्रा० स्वा० उप-केन्द्र लगभग 25 वर्षों से कार्यरत है जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार कराना

*460. श्री रविन्द्र सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखंड के कमता और करपी प्रखंड के बेलखारा में स्थित स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित स्वास्थ्य केन्द्रों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

लाइन से जोड़ना

*461. श्री मिथलेश तिवारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बरौली, झंझवां और दिघवा दुबौली पावर सब-स्टेशन को गोपालगंज पावर स्टेशन से अबतक एक ही 33 के०भी०ए० लाइन से विद्युत् आपूर्ति की जा रही है, जिसके कारण रोटेशन के आधार पर विद्युत् सप्लाई होने के कारण विद्युत् आपूर्ति बाधित रहती है, जबकि गोपालगंज पावर स्टेशन से झंझवां पावर सब-स्टेशन को जून, 2017 में ही अलग से 33 के०भी०ए० लाइन से जोड़ देना था, जो अबतक निर्माणाधीन है, यदि हाँ, तो क्या सरकार विलम्ब के लिये दोषी पदाधिकारियों तथा संवेदक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुये झंझवां पावर सब-स्टेशन को 33 के०भी०ए० लाइन से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर स्थानांतरित कराना

*462. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारी शरीफ प्रखंड अन्तर्गत ज्योतिष पथ से ढेलवाँ ग्राम तक जानेवाली लिंक सड़क में स्व० राम कृपाल सिंह के मकान के समीप स्थित ट्रांसफॉर्मर के बाद 03 से 04 विद्युत् पोल बीच सड़क पर अवस्थित है तथा ट्रांसफॉर्मर भी निजी मकान से सटा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थानीय निवासियों द्वारा विद्युत् पोल को सड़क के किनारे एवं एवं ट्रांसफॉर्मर को ज्योतिष पथ प्रारंभ स्थल पर उपलब्ध गैर-मजरूआ जमीन में अवस्थित करने के संबंध में सहायक विद्युत् अभियंता कंकड़बाग डिविजन, भूपतिपुर, पटना से दिनांक 19 जुलाई, 2017 को अनुरोध किया गया है, परन्तु स्थिति यथावत है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उक्त लिंक सड़क के बीचोंबीच अवस्थित पोल का सड़क किनारे एवं ट्रांसफॉर्मर को उक्त गैर-मजरूआ जमीन में कबतक अवस्थित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटन स्थल घोषित करना

*463. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रोहतास प्रखण्ड के कैमूर पहाड़ी में अवस्थित कशिश झरना तथा नौहट्टा प्रखण्ड मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित महादेव खोह को देखने हजारों पर्यटक एवं श्रद्धालू प्रतिदिन आते हैं, परंतु उक्त स्थल पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण पर्यटकों को असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों पर्यटक स्थल पर पर्यटकों के लिये मूलभूत सुविधा की व्यवस्था के साथ-साथ पर्यटन स्थल घोषित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*464. श्री सुबाष सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कि गोपालगंज जिला के गोपालगंज प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र, यादवपुर का भवन जर्जर है जिसके कारण स्वास्थ्य केन्द्र किराये के मकान में चल रहा है, जबकि उक्त स्वास्थ्य केंद्र के पास 13 कट्ठा अपनी जमीन उपलब्ध है यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, यादवपुर की उपलब्ध भूमि पर नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन बनाना

*465. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंड के कुरैया पंचायत के कुरैया ग्राम में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है, जो किराये के कमरा में चलता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मरीजों की संख्यानुपात में उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में जगह की काफी कमी है जिससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केंद्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*466. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सहार प्रखंड के बंशीडिहरी गाँव में किराया के मकान में उप प्रा०-स्वा० केन्द्र चलता है, जबकि बंशीडिहरी मेन सड़क के पास बिहार सरकार के जमीन उपलब्ध है यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त स्थल पर प्रा० स्वा० केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रभार दिलाना

*467. श्री अरूण कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोइलवर में नौ वर्षों से पदस्थापित डॉ० उमेश कुमार सिंह द्वारा अस्तपाल परिसर में नहीं रहने तथा बरती जा रही अन्य अनियमितताओं की जाँच के उपरांत असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, भोजपुर के ज्ञापांक 4074, दिनांक 23 अक्टूबर, 2018 द्वारा डॉ० उमेश कुमार सिंह के बदले डॉ० नवीन कुमार को उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का चिकित्सा प्रभारी बनाया गया है परंतु डॉ० सिंह द्वारा आजतक प्रभार नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार डॉ० नवीन कुमार को उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का चिकित्सा प्रभारी का प्रभार दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपस्थिति सुनिश्चित कराना

*468. श्रीमती रींकी रानी पांडेय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड भभुआ, पंचायत बेतरी, ग्राम-कबार में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कबार का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण डॉक्टर, नर्स तथा स्टॉफ स्वास्थ केन्द्र में नहीं के बराबर रहते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का जीर्णोद्धार कराने के साथ-साथ डॉक्टर, नर्स तथा स्टॉफ की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य करना

*469. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के खरीफ प्रखंड के लतीपुर एवं जमालदीपुर पंचायत के विद्युत् तार जर्जर है यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के जर्जर तार बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का पुनर्निर्माण कराना

*470. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड अन्तर्गत सबलपुर मध्य पंचायत के सबलपुर कचहरी बाजार स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर रहने के कारण वहाँ प्रतिनियुक्त चिकित्सा कर्मियों एवं मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का कबतक पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भुगतान करना

*471. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर (आरा) जिला के गड़हनी प्रखंड के ग्राम-करनौल, पं० हरपुर के अमृता कुमारी, उम्र 16 वर्ष, पिता-शंकर राम एवं श्रीमती तिलौरी देवी, उम्र 50 वर्ष, पति-शंकर राम की मृत्यु दिनांक 14 जुलाई, 2017 को कच्चा दीवाल गिर जाने के कारण हो गई थी परंतु अभीतक पीड़ित परिवार के आश्रित को सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मृतक के आश्रित परिवार को विभाग से मिलने वाली राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार कराना

*472. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत लक्ष्मीपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित रेफरल अस्पताल, लक्ष्मीपुर तथा बरहट प्रखंड अन्तर्गत अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र मलयपुर का भवन जीर्ण-शीर्ण है जिसके कारण चिकित्सकीय कार्य पूर्णत: बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता राशि का भुगतान

*473. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के जाले प्रखंड के बसंत पंचायत के बसंत गाँव की प्रियंका कुमारी, पिता श्री नारायण महतो एवं राधा कुमारी, पिता-श्री अमीरी महतो की दिनांक 14 सितम्बर, 2018 को अपने ही गाँव के पोखर में डूबने से मौत हो गई थी, परंतु अभीतक मृतक के आश्रित को सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रितों को सहायता राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण करना

*474. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत चकिया प्रखंड के टिकुलिया ग्राम में अनूसूचित जाति टोला में पूर्व से प्रस्तावित स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है, जबकि स्वास्थ्य उप-केन्द्र के निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण करना

*475. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी अनुमंडल में सरकार द्वारा मई, 2015 में अनुमंडलीय स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का निर्णय लिया गया है, परन्तु जमीन के अभाव में आजतक अनुमंडलीय स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार जमीन उपलब्ध कराकर शीघ्र उक्त अनुमंडल में अनुमंडलीय स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली उपलब्ध करना

*476. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर एवं पीरो प्रखंड में काँवकॉन इंडिया लि0 द्वारा किसानों को सिंचाई हेतु बिजली का तार, पोल, ट्रॉसफॉर्मर अभीतक उपलब्ध नहीं कराया गया है, जबकि मार्च, 2018 तक उपलब्ध कराना था, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों के किसानों को सिंचाई हेतु बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रारंभ कराना

*477. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के अस्थावां रेफरल अस्पताल एवं बिन्द स्वास्थ्य केन्द्र में विगत तीन वर्ष से रोगी कल्याण समिति की नियमित बैठक नहीं हो रही है जिससे रोगियों को स्वास्थ्य योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पतालों में रोगी कल्याण समिति की नियमित बैठक कबतक प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नर्स की प्रतिनियुक्ति

*478. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल अररिया में ग्रेड ए नर्स का कुल स्वीकृत पद 50 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वीकृत पद के विरुद्ध केवल 15 ग्रेड ए नर्स कार्यरत हैं, जिससे समुचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अस्पताल में रिक्त 35 ग्रेड ए नर्स के पद पर कबतक प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वित्तीय मदद करना

*479. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर व मंसूरचक प्रखंडों में बिजली का जर्जर तार टूटकर गिर जाने के कारण लगभग 50 व्यक्तियों की मृत्यु अबतक हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उन मृतकों में अधिकांश को अबतक सरकारी मुआवजा नहीं मिलने के कारण संबंधित परिवार की स्थिति दयनीय है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के जर्जर तार को बदलने एवं मृतक के आश्रितों को वित्तीय मदद देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शय्या की व्यवस्था

*480. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, भागलपुर के आपातकालीन विभाग में शय्या का अभाव रहने के कारण गंभीर मरीजों को जमीन पर लिटाकर इलाज किया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के आपातकालीन विभाग में अतिरिक्त शय्या की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता राशि का भुगतान

*481. श्री जीवेश कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के अतरवेल-जाले पथ पर दोसिमना चौक के नजदीक जाले प्रखंड के ब्रहम्पुर पश्चिमी पंचायत के ब्रहमपुर गाँव निवासी रविकांत मिश्रा, पिता-स्व0 गंगाधर मिश्र एवं रमण कुमार मिश्रा, पिता-श्री शशिकान्त मिश्र की मृत्यु दिनांक 7 मई, 2018 को वाहन की ठोकर से हो गई है तथा जाले प्रखंड के काजी बहेरा पंचायत के खोरिया टोल निवासी उमेश शर्मा (28 वर्ष), पिता-श्री शिव कुमार शर्मा एवं कछुआ पंचायत के कछुआ गाँव के सुंदरबन निवासी जामुन कमती (60 वर्ष), पिता-रेवी कमती की मृत्यु दिनांक 16 अप्रील, 2018 को जाले-अतरबेल पथ पर ब्रहमपुर हाई स्कूल के पास वाहन की ठोकर से हो गई है, परंतु अभीतक मृतक के आश्रितों को सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मृतको के आश्रितों को सहायता राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*482. श्री जय वर्धन यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखंड के मौरी पियरपुरा पंचायत के ग्राम-मौरी फतेहपुर में 10 वर्षों से विद्युत् के तारों का रख-रखाव सही ढंग से नहीं करने के कारण हाईटेंशन तार कई जगहों से टूटकर गिर रहा है, जिससे जान-माल के क्षति एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम के बिजली तारों को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*483. श्री रविन्द्र सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत अरवल प्रखंड के कोरियम में 10 किलो मीटर दूर स्थित अरवल पावर सब-स्टेशन से विद्युत् आपूर्ति होती है, जिसके कारण विद्युत् आपूर्ति प्रायः बाधित रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कोरियम में पावर सब-स्टेशन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*484. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के पंचायत चन्दवार के कटहल बाड़ी हाट में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण रोगियों को इलाज कराने में काफी दूरी तयकर अन्य स्वास्थ्य केन्द्र में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार चन्दवार के कटहल बाड़ी में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तार बिछाने का विचार

*485. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी पावर सब-स्टेशन एवं चोरौत पावर सब-स्टेशन के बीच में 33 हजार लाइन का तार वर्ष 2014 में बिछाया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बिछायें गये तारों को वर्ष 2016 में चोरों द्वारा पूरे तारों को काट लिया गया है, जिससे विभागीय स्तर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना में एफ०आई०आर० दर्ज भी किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पावर सब-स्टेशन के बीच में पुन: 33 हजार लाइन का तार बिछाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य योजना का लाभ देना

*486. श्रीमती रींकी रानी पांडेय--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखण्ड भभुआ, अनुमण्डल भभुआ, पंचायत, मीव, ग्राम-सपनौतियाँ के दो अनाथ बालक मानस चौबे, उम्र (10) वर्ष एवं रविरंजन चौबे, उम्र (7) वर्ष, पिता-स्व० रमायण चौबे, माता-स्व० रेनू देवी को आजतक परिचालित पुनर्वास कार्य योजना का लाभ नहीं मिल सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों बच्चों को पालन-पोषण हेतु परिचालित पुनर्वास कार्य योजना का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुग्रह अनुदान का भुगतान

*487. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गैर-प्राकृतिक आपदा के तहत मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को 4.00 (चार लाख) रुपये अनुग्रह अनुदान का भुगतान करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत काला बलुआ के ग्राम-काला बलुआ, वार्ड नं० 11 में मो० जीवराईल, उम्र 13 वर्ष पे०-मो० आबिद की मृत्यु दिनांक 19 सितम्बर, 2018 को पोखर में डूबने से हो गयी जिसका केस रानीगंज थाना में यू०डी० नं० 12/18, दिनांक 19 सितम्बर, 2018 द्वारा दर्ज है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मृतक के परिवार को अबतक अनुग्रह अनुदान का भुगतान नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति एवं चहारदीवारी का निर्माण

*488. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बाराहाट प्रखण्ड के सबलपुर पंचायत के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सबलपुर में नियमित रूप से चिकित्सक के नहीं आने से मरीजों को इलाज कराने में काफी परेशानी होती है, साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी नहीं होने के कारण पशुओं को आना-जाना लगा रहता है, जिससे मरीजों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में नियमित चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति एवं चहारदीवारी का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

*489. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखंड के सरौन स्थित माँ काली मंदिर में हजारों पर्यटक दर्शन हेतु आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आर्थिक सहायता देना

*490. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत दिनांक 17 अक्टूबर, 2018 को मोटर साइकिल दुर्घटना में श्रीमती रेणु देवी, पति-गणेश राम, ग्राम+पो०-धनौती, थाना+प्रखंड-दरौंदा की मृत्यु हो गयी एवं उनकी बच्ची रेशमा कुमारी उम्र 7 वर्ष, प्रमीला कुमारी, पिता-रामजन्म राम, काजल कुमारी, पिता-गणेश राम बुरी तरह घायल हो गये, जिनका इलाज सीवान सदर अस्पताल एवं पी०एम०सी०एच०, पटना में किया गया है, उक्त मृतक बी०पी०एल० परिवार से आते हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत ही दयनीय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मृतक के आश्रितों को विभाग द्वारा अनुग्रह अनुदान की राशि चार लाख रुपये का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है, न ही घायलों को इलाज के लिये आर्थिक सहायता दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान राशि एवं घायलों को इलाज के लिये आर्थिक सहायता देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) जिला पदाधिकारी, सीवान के प्रतिवेदनानुसार दिनांक 16 अक्टूबर, 2018 को सीवान-छपरा मुख्य मार्ग पर मोटर साइकिल से धक्का लगने से श्रीमती रेणु देवी, पति गणेश राम की मृत्यु हो गयी एवं करीश्मा कुमारी, काजल कुमारी एवं सुजित कुमार सभी पिता-गणेश राम, सा०, पूर्वी हडसर टोले, धनौती एवं प्रमीला कुमारी, पिता-रामजन्म राम सा०-फकड़ी, पो०-महुवल, थाना-एम०एच० नगर सभी लोग घायल हो गये ।

(2) एवं (3) मृतक के परिवार के मुखिया श्री गणेश राम को मो० 4,00,000.00 (चार लाख) रु० अनुग्रह अनुदान का भुगतान किया जा चुका है ।

--------

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,

सचिव,

बिहार विधान सभा ।

पटना :

दिनांक 30 नवम्बर, 2018 (ई०) ।

बि०स०मु० (एल०ए०) 105 डी०टी०पी०--550